नर सेवा                                                        नारायण सेवा

# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी

## तिमाही वृतांत

**जुलाई – सितम्बर 2024**




स्वतंत्रता दिवस समारोह स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय, श्री केदारनाथ धाम

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः


https://www.twitter.com/svhmuk
https://www.facebook.com/svhmu
https://www.svhmuk.in
svhmuk@gmail.com


"बहुत सी कमियों के बाद भी हम खुद से प्रेम करते हैं, तो दूसरों में एक कमी से कैसे घृणा कर सकते हैं।"

-स्वामी विवेकानन्द

# संपादक की कलम से

वर्ष की दूसरी तिमाही सोसाइटी के धर्मावाला चिकित्सालय के लिए एक और उपलब्धि लेकर आयी जब चिकित्सालय के नेत्र रोग विभाग में मोतियाबिंद के ऑपरेशन की शुरुआत हो गयी और नेत्र के रोगियों के लिए एक और महत्वपूर्ण सुविधा की सुलभता हो गयी। साथ ही स्पाइन विभाग द्वारा 200 सर्जरी का आंकड़ा पार कर एक और कीर्तिमान स्थापित किया गया।

सोसाइटी के नारायणकोटी चिकित्सालय में कीर्ति चक्र, शौर्य चक्र एवं विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित कर्नल अजय कोठियाल का प्रवास हमारे लिए एक अत्यंत गौरवान्वित करने वाला पल था। उनके मुख से चिकित्सालय व सोसाइटी द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना ने हमारे उत्साह को चरमोत्कर्ष तक पहुंचा दिया।

सोसाइटी के चार धाम स्थित पूर्णतः निःशुल्क चिकित्सालयों द्वारा तीर्थयात्रियों की सेवा सुश्रुषा अनवरत चलती रही और इसमें एक उल्लेखनीय प्रकरण था, श्री बद्रीनाथ धाम से 4 किमी पहले हुई एक मिनी बस दुर्घटना जिसकी की सूचना मिलते ही तुरंत हमारी टीम स्थल पर पहुँच चोटिल यात्रियों को प्राथमिक उपचार दिया तत्पश्चात चिकित्सालय लाकर उनका उपचार किया व जीवन रक्षा का धर्म निभाया। श्री बद्रीनाथ धाम के मुख्य पुजारी श्री ईश्वर प्रसाद नंबूदरी द्वारा उनके कार्यकाल पूर्ण होने पर हमारे चिकित्सालय की सेवाओं की प्रशंसा व अपने आवास पर आमंत्रित कर आभार प्रकट करना हम सब के लिए एक सुखद अनुभूति रही।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के आहवान पर कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल में हुए प्रशिक्षु डॉक्टर से दुष्कर्म के विरोध में सोसाइटी के समस्त चिकित्सालयों ने एक दिन दिनांक 17 अगस्त को इमरजेंसी के अतिरिक्त सभी सेवाओं को बंद रखा व देश भर में डॉक्टरों द्वारा हुई हड़ताल में सम्मिलित हो एकजुटता का परिचय दिया।

धर्मावाला चिकित्सालय में शव वाहन / अंतिम यात्रा वाहन की सुविधा भी इस तिमाही की एक और विशेषता रही।

इस तिमाही में भी त्योहारों व अन्य आयोजनों ने सभी का उत्साहवर्धन किया, जिनमें मुख्यतः रहे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, स्वतंत्रता दिवस, गुरु पूर्णिमा, रक्षाबंधन व हरेला इत्यादि। अन्य समारोहों में सम्मिलित रहे धर्मावाला, बड़कोट व पेटशाल चिकित्सालयों के वार्षिकोत्सव जिन्हें पूरे उत्साहपूर्वक मनाया गया।

प्रभु श्रीराम की असीम कृपा से स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी के इस विस्तृत परिवार में परार्थभाव व परहितभाव से प्रेरित नित नए जनों का समावेश होता जा रहा है और हमारे ध्येय वाक्य "नर सेवा नारायण सेवा" के कर्णधारों की संख्या में निरंतर वृद्धि होती जा रही है। हमारे असंख्य शुभचिंतकों और परमार्थ दाताओं के निःस्वार्थ सेवा भाव के फलस्वरूप सोसाइटी अपने प्रत्येक प्रकल्पों को यथार्थ करने में सदा सफल होती रही है और होती रहेगी।

कृपया स्वीकार करें हमारा विनीत नमन।

।शुभम भवतु।
।मंगलानि भवन्तु।
।अभीष्ट सिद्धिरस्तु।
।मनो वांचा फल सिद्धिरस्तु।

स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी
ॐ नर सेवा नारायण सेवा ॐ

## अनुक्रमणिका

3
हमारे धर्मार्थ चिकित्सालय
4-8
तिमाही विशेष
9-10
प्रवास विशेष
11-14
चार धाम चिकित्सालय आलेख
15
सामुदायिक चिकित्सा शिविर
16
सामुदायिक कार्यक्रम
17-20
मल्टी डिसिप्लिनरी शिविर
21-22
समारोहों की झलकियाँ
23
आंकड़े

**संपादकीय एवं रूपांकन टोली**
डॉ. ताराश्री सिंघल
डॉ. दीपक सिन्हा

# हमारे धर्मार्थ चिकित्सालय


धर्मावाला
सितम्बर 2012


उत्तरकाशी
दिसम्बर 2016


नारायणकोटी
मई 2017


बड़कोट
सितम्बर 2017


पीपलकोटी
जनवरी 2018


श्री बद्रीनाथ धाम
मई 2019


पेटशाल
जुलाई 2019


श्री केदारनाथ धाम
सितम्बर 2019


हरिद्वार
जनवरी 2021


गंगोत्री धाम
सितम्बर 2021


डुमेट
दिसम्बर 2021


दिल्ली
सितम्बर 2022


फिरोजाबाद
फरवरी 2024


वृन्दावन
जून 2024

स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी का गठन सन् 2012 में कुछ युवा चिकित्सकों एवं सेवाभावी लोगों के द्वारा मानव सेवा हेतु किया गया था और जिनका लक्ष्य दुर्गम, पिछड़े, पहाड़ी, ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों व तीर्थस्थलों में उपेक्षित और शोषित वर्ग तथा तीर्थयात्रियों की सेवा करके मातृभूमि की वंदना करना और उन्हें चिकित्सीय सुविधा, शिक्षा और सामाजिक सुदृढ़ता प्रदान करना है।

सोसाइटी ने चार धाम में और उनके मार्गों में, चार धाम यात्रा पर वाले तीर्थयात्रियों को स्वास्थ्य सुविधा देने के अपने संकल्प को पूर्ण करते हुए श्री बद्रीनाथ धाम, श्री केदारनाथ धाम व गंगोत्री धाम में ICU युक्त चिकित्सालयों का संचालन कर रही है, जिनमें लैब की सुविधा, डिजिटल एक्स-रे, फार्मेसी इत्यादि समस्त सुविधाएं पूर्णत: नि:शुल्क प्रदान की जा रही हैं। विदित हो की यह चिकित्सालय 24X7 कार्यरत हैं और इनमें कार्यरत स्टाफ high altitude sickness व उससे सम्बंधित स्वास्थ्य समस्याओं को उपचार करने के लिए प्रशिक्षित भी है।

सोसाइटी अपने धर्मार्थ चिकित्सालयों के अतिरिक्त अन्य परोपकारी कार्यों में भी योगदान कर रही है जिनमें प्रमुख है दुर्गम, पिछड़े व पहाड़ी क्षेत्रों में नि:शुल्क सामुदायिक चिकित्सा शिविरों का नियमित आयोजन। इनके अतिरिक्त अन्य गतिविधियों में हैं, शिक्षा अभियान, स्वावलंबन अभियान एवं सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम। सोसाइटी द्वारा पांच सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाये जा रहे है, एनीमिया की रोकथाम, नियंत्रण और उपचार कार्यक्रम, स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर की जागरूकता, जाँच एवं चिकित्सा कार्यक्रम, मासिक धर्म स्वच्छता (My Pad: Menstrual Hygiene) कार्यक्रम, सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं मुंह एवं गले के कैंसर की जागरूकता, जाँच व चिकित्सा कार्यक्रम।

सेवा पथ पर चलते हुए सोसाइटी आज कुल 14 धर्मार्थ चिकित्सालयों का संचालन कर रही है और अपने "नर सेवा नारायण सेवा" के ध्येय वाक्य को यथार्थ कर रही है।

# तिमाही विशेष

## मोतियाबिंद (फेको) के ऑपरेशन की शुरुआत

स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय धर्मावाला ने एक और उपलब्धि प्राप्त कर ली जब दिनांक 28 जुलाई को प्रथम मोतियाबिंद का ऑपरेशन सफलतापूर्वक अत्याधुनिक फेको मशीन द्वारा संपन्न हुआ। इस अत्याधुनिक सुविधा से धर्मावाला चिकित्सालय के आस पास व सुदूर जनजातीय, दुर्गम, पिछड़े व पहाड़ी क्षेत्र के रोगियों को अत्यंत लाभ मिलेगा। धर्मावाला चिकित्सालय के नवीन भवन के चौथे तल पर स्थित इस नव्य नेत्र रोग विभाग में सभी प्रकार के नेत्र रोगों का निदान एवं उपचार किया जा रहा है।



धर्मावाला चिकित्सालय: नेत्र रोग विभाग की टीम

## स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय पेटशाल का पांचवां स्थापना दिवस

दिनांक 21 जुलाई को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुए इस पांचवें स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ, मुख्य अतिथि श्री जगदीश प्रसाद जी (थाना प्रभारी), विशिष्ट अतिथि डॉ अनिल पाण्डे जी (दन्त चिकित्सक), मुख्य वक्ता श्री आशुतोष जी (जिला प्रचारक, RSS) आदि की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सह विभाग कार्यवाह श्री बसंत तिलारा जी द्वारा तथा संचालन श्री खिलानन्द भट्ट जी के द्वारा की गयी। स्थापना दिवस में उपस्थित डॉ जगदीश चन्द्र दुर्गापाल (वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ निशा पाण्डे (दन्त रोग विशेषज्ञ बेस अस्पताल, अल्मोड़ा), विधायक माननीय श्री मनोज तिवारी जी (क्षेत्र जन–प्रतिनिधि) ने चिकित्सालय के सेवा और समर्पण की भूरी भूरी प्रशंसा करी व हर संभव सहायता का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में लगभग 80 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में राजकीय इंटर कालेज पेटशाल के व सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कालेज बाडेछीना के बालिकाओं द्वारा सुन्दर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।



मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन



सांस्कृतिक कार्यक्रम

## स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी व धर्मावाला चिकित्सालय की सेवा यात्रा के बारह वर्ष पूर्ण हुए

दिनांक 16 सितम्बर को स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी व धर्मावाला चिकित्सालय ने अपना बारहवां स्थापना दिवस पूरे उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर चिकित्सालय के प्रांगण में स्थित मंदिर परिसर में हवन पूजन का आयोजन हुआ जिसमें सोसाइटी के सचिव डॉ अनुज सिंघल, कार्यकारी निदेशक डॉ ताराश्री सिंघल व अन्य डॉक्टर्स व स्टाफ सम्मिलित हुए व चिकित्सालय के प्रगति व उन्नति के लिए प्रार्थना करी।



धर्मावाला चिकित्सालय : हवन पूजन

# स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय बड़कोट का सातवां स्थापना दिवस

दिनांक 23 सितम्बर को स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय बड़कोट ने अपना सातवां स्थापना दिवस अत्यंत हर्षोल्लास व उत्साह से मनाया। चिकित्सालय परिसर में आयोजित इस समारोह में सभी डॉक्टर्स व स्टाफ ने बढ़–चढ़कर भाग लिया व चिकित्सालय की सज्जा भी करी। आयोजित कार्यक्रमों में विधिवत हवन पूजन कर चिकित्सालय की उन्नति के लिए प्रार्थना की गयी तत्पश्चात चिकित्सालय के सात वर्षों की उपलब्धियां बताई गयीं व जलपान के साथ समापन किया गया।



**बड़कोट चिकित्सालय : हवन पूजन**

# हरिद्वार चिकित्सालय: टी बी मुक्त अभियान

हरिद्वार चिकित्सालय ने डिजिटल टी बी मुक्त अभियान की टीम के साथ मिलकर इस अभियान के अंतर्गत 27 जुलाई को रानीमाजरा गांव के सरकारी स्कूल में एक स्वास्थ्य शिविर लगाया और घर घर जाकर भी संभावित टी बी के रोगियों के एक्स–रे किए। शिविर में 75 रोगियों की जाँच व 11 रोगियों के एक्स–रे किए गए। इसी क्रम में अन्य ग्रामों में भी ये शिविर आयोजित किये गए।

अभियान का विवरण:

कुल शिविर: 4, कुल लाभार्थी: 160, कुल एक्स–रे: 128, कुल टी बी रोगी: 5



**हरिद्वार चिकित्सालय : टी बी मुक्त अभियान**

# हरिद्वार चिकित्सालय के सामुदायिक कार्यक्रम




**हरिद्वार चिकित्सालय द्वारा खेलो इंडिया के अस्मिता रग्बी महिला लीग में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया**



**हरिद्वार चिकित्सालय द्वारा हरिपुर कलां ग्राम के भागीरथी श्री कन्या स्कूल में ग्राम स्तरीय स्वास्थ्य समीक्षा कार्यक्रम किया गया**

# सोसाइटी के समस्त चिकित्सालयों ने एक दिन के लिए इमरजेंसी छोड़ सभी सेवाएं बंद रखीं

कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुष्कर्म की घटना के विरोध में स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी के सभी चिकित्सालयों में दिनांक 17 अगस्त को इमरजेंसी छोड़ बाकी सभी सेवाएं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के आह्वान पर 24 घंटों के लिए बंद रखी गयीं। इस अवसर पर दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए एक मिनट का मौन रखा गया व कैंडल मार्च भी निकाला गया।




श्री बद्रीनाथ धाम




श्री केदारनाथ धाम



पेटशाल



धर्मावाला



दिल्ली



हरिद्वार

# धर्मावाला : नियमित स्पाइन सर्जरी शिविर

## द स्पाइन फाउंडेशन (TSF) मुंबई व होप (HOPE– Helping Old People Everywhere) फाउंडेशन देहरादून के सहयोग से आयोजित हुआ

TSF व HOPE फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित यह 3 दिवसीय शिविर दिनांक 27 से 29 सितम्बर तक सफलतापूर्वक संपादित किया गया। शिविर में TSF के ट्रस्टी व वरिष्ठ स्पाइन सर्जन डॉ शेखर वाई भोजराज, छः स्पाइन सर्जन व एक एनेस्थेटिस्ट की उनकी टीम के अतिरिक्त के अन्य सदस्यों में सम्मिलित रहे श्रीमती अर्चना भोजराज व उनकी टीम। SVHM सोसाइटी, TSF व HOPE फाउंडेशन के संयुक्त साझेदारी से आयोजित हुए इस धर्मार्थ शिविर में कुल 8 स्पाइन सर्जरी की गयीं जिनमें की दो Atlantoaxial Dislocation with Compression व Congenital Kyphoscoliosis अत्यंत जटिल थीं। आमतौर पर बड़े हॉस्पिटल्स में की जाने वाली यह दोनों सर्जरी का व्यय 10 लाख रुपये से भी अधिक होता है पर इस शिविर में ये पूर्णतः निःशुल्क करी गयीं। शिविर को सफल बनाने के लिए SVHM सोसाइटी, TSF व HOPE फाउंडेशन का सहृदय आभार प्रकट करती है। **स्पाइन विभाग द्वारा 200 ऑपरेशन का आंकड़ा पार एक और सर्वोच्च लब्धि की प्राप्ति हुई।**



द स्पाइन फाउंडेशन, मुंबई की टीम



स्पाइन सर्जरी शिविर

# धर्मावालाः पाक्षिक यूरोलोजी शिविर

प्रत्येक माह के दूसरे व अंतिम रविवार को SVHM सोसाइटी द्वारा संचालित स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय धर्मावाला में यूरोलोजी का शिविर आयोजित किया जाता है जिनमें दिल्ली/आगरा व अन्य स्थानों से प्रख्यात यूरोलोजिस्ट्स की टीम सेवा यज्ञ में अपनी सेवा आहुति देने आती हैं। इस पाक्षिक यूरोलोजी शिविर से गुर्दे रोग व मूत्र रोग से पीड़ित रोगियों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त हो रही है व इस पिछड़े क्षेत्र के लिए वरदान साबित हो रही है। इस तिमाही मे यूरोलॉजिस्ट की टीम द्वारा कुल 100 यूरो सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की गयी। इनमे कई जटिल व आधुनिक प्रक्रियाएं थी जो की कुछ ही बड़े हॉस्पिटल्स में होती हैं एवं उनका व्यय भी अत्यधिक होता है व निम्न आय वर्ग की पहुँच से परे होता है।





## उत्तरकाशी चिकित्सालय द्वारा LIC भवन में चिकित्सा शिविर का आयोजन



LIC भवन में चिकित्सा शिविर

## लिवर फाइब्रोस्कैन (Liver Fibroscan) शिविर – दिल्ली



कुल स्कैन : 90

## श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालयः प्रबुद्ध नागरिक गोष्ठी

**4 सितम्बरः स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय श्री बद्रीनाथ धाम** में आयोजित प्रबुद्ध नागरिक गोष्ठी में RSS से श्रीमान नरेश जी, क्षेत्र शारीरिक शिक्षण प्रमुख व जिला प्रचारक सहित अन्य कार्यकर्ताओं का प्रवास रहा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्रीमान नरेश जी का सभी स्वयं सेवकों को पाथ्येय प्राप्त हुआ और डा० के एस रावत जी, सीनियर कंसलटेंट SVHM सोसाइटी द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई। इसी क्रम में जिला प्रचारक जी व अन्य पदाधिकारियों ने चिकित्सालय के सभी स्टाफ का परिचय प्राप्त किया व हो रहे स्वास्थ्य सेवा कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा करी ।



श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालयः प्रबुद्ध नागरिक घोष्ठी

## SVHM चिकित्सालयों में साप्ताहिक बाल गोकुलम (बच्चों का संस्कार कार्यक्रम)

सोसाइटी प्रत्येक रविवार को अपने सभी चिकित्सालयों में बाल गोकुलम का आयोजन करती आ रही है जिसमे आसपास के गांवों के बच्चों में सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों को खेलों के माध्यम से विकसित किया जाता है। खेलों के साथ साथ श्रीमद्भगवद गीता के श्लोकों का पाठ, पंचतंत्र की शिक्षाप्रद कहानियों और योग अभ्यास सम्मिलित हैं।



बड़कोट



नारायणकोटी

# प्रवास विशेष

**28 सितम्बरः माधव चिकित्सालय, नारायणकोटी** में कीर्ति चक्र, शौर्य चक्र एवं विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित कर्नल अजय कोठियाल का प्रवास हुआ। उन्होंने चिकित्सालय का अवलोकन किया और स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना की। कर्नल कोठियाल यूथ फाउंडेशन के संस्थापक हैं, जो भारतीय सेना, अर्धसैनिक बल और अन्य सैन्य बलों में शामिल होने के लिए युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करके उत्तराखण्ड के लोगों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने चिकित्सालय के डॉक्टर्स व स्टाफ की समर्पण भावना की प्रशंसा करते हुए कहा की वे समुदाय की सेवा में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे रहे हैं व आशा व्यक्त की कि चिकित्सालय आने वाले समय में और भी उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता रहेगा।



नारायणकोटी चिकित्सालयः कर्नल अजय कोठियाल

**18 जुलाईः स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय, गंगोत्री धाम** मे श्री अनिल जी, क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य एवं छात्रावास प्रमुख पश्चिम उ.प्र. व श्री देवराज जी, विभाग संगठन मंत्री, सेवा भारती का आगमन हुआ। अतिथियों ने चिकित्सालय के सभी स्टाफ के साथ मिलकर परिचय प्राप्त किया, चिकित्सालय का निरीक्षण किया व हो रहे उत्कृष्ट कार्यो की सराहना की। श्री अनिल जी ने चिकित्सालय के स्टाफ को संबोधित करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी और मंगल कामना की।



गंगोत्री धाम चिकित्सालय : श्री अनिल जी व श्री देवराज जी

**24 अगस्तः स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय, गंगोत्री धाम** मे श्री सुधीर जी, संगठन मंत्री, सेवा भारती व विजय जी, संयुक्त मंत्री, राष्ट्रीय सेवा भारती का आगमन हुआ।

पधारे अतिथियों ने पूरे चिकित्सालय परिसर का निरीक्षण किया, प्रत्येक विभागों को देखा व उनके बारे में विस्तार से जाना। अतिथियों ने प्रतिदिन चिकित्सालय में आ रहे तीर्थयात्रियों के बारे में भी जाना व किस प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएँ उन्हें होती है इसकी भी जानकारी ली। अतिथिगण आई.सी.यू. (Intensive Care Unit) व इमरजेंसी सुविधाओं से अत्यंत प्रभावित हुए व आश्चर्यचकित थे इतनी ऊंचाई पर ऐसी सुविधा देखकर। उन्होंने स्टाफ का परिचय प्राप्त किया व चिकित्सालय द्वारा किये जा रहे स्वास्थ्य सेवा कार्यों की सराहना की एवं सभी स्टाफ का उत्साहवर्धन किया।




गंगोत्री धाम चिकित्सालयः श्री सुधीर जी व श्री विजय जी

**25 जुलाईः स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय पीपलकोटी** में श्री मनोज जी, विभाग प्रचारक, आरएसएस का आगमन हुआ, जहाँ प्रभु बद्री विशाल जी का प्रतीक चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया गया। मनोज जी ने चिकित्सालय परिसर का भ्रमण कर सभी स्टाफ को पूर्ण मनोयोग व समर्पित भाव के साथ सेवा करने के लिये प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर श्री कुलबीर बिष्ट जी (दशोली खण्ड कार्यवाह), श्री मिथलेश जी (जिला प्रचारक), श्री दिनेश जी (जिला बौद्धिक प्रमुख), श्री आशीष जी (सह पर्यावरण प्रमुख) भी मौजूद रहे।



**पीपलकोटी चिकित्सालयः श्री मनोज जी व अन्य**

**21 अगस्तः स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय धर्मावाला** में द न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड देहरादून रीजनल ऑफिस से चीफ रीजनल मैनेजर श्री धरमवीर जुंड व उनके साथ डिप्टी मैनेजर श्री अभिषेक सिंह बिष्ट द्वारा एंडोस्कोपी और यूरो सर्जरी विभागों का निरिक्षण व अवलोकन किया गया। विदित हो की एंडोस्कोपी और यूरो सर्जरी के उपकरण द न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के CSR फण्ड से उपलब्ध कराये गए हैं और सोसाइटी इस सहयोग के लिए उनका सहृदय आभार व्यक्त करती है।



**धर्मावाला चिकित्सालयः द न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के चीफ रीजनल मैनेजर श्री धरमवीर जुंड और श्री अभिषेक सिंह बिष्ट**

**30 अगस्तः स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय धर्मावाला** में एल.आई.सी.हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (LICHFL) से रीजनल लीड उत्तर जोन श्री अभिषेक जॉन द्वारा धर्मावाला चिकित्सालय के नेत्र विभाग का निरीक्षण व अवलोकन किया गया। विदित हो की नेत्र रोग विभाग के समस्त उपकरण एल.आई.सी.हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के CSR फण्ड से उपलब्ध कराये गए हैं। सोसाइटी इस सहयोग के लिए सहृदय आभार व्यक्त करती है।




**धर्मावाला चिकित्सालयः LICHFL CSR रीजनल लीड उत्तर जोन श्री अभिषेक जॉन**

**4 सितम्बरः स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय श्री बद्रीनाथ धाम** में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक जी श्रीमान मिथिलेश जी व अन्य पदाधिकारियों का प्रवास रहा। अतिथियों ने चिकित्सालय के सभी स्टाफ के साथ मिलकर परिचय प्राप्त किया, चिकित्सालय का निरीक्षण किया व हो रहे स्वास्थ्य सेवा कार्यों के बारे में जाना। चिकित्सालय की सुविधाओं व दी जा रही सेवाओं से प्रभावित उन सभी ने चिकित्सालय की भूरी भूरी प्रशंसा करी। चिकित्सालय के समस्त स्टाफ ने श्रीमान मिथिलेश जी का सहृदय धन्यवाद व्यक्त किया और उनके द्वारा दिए गए सुझावों को अमल में लाने का आश्वासन दिया।



**श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालयः श्री मिथिलेश जी व अन्य**

# चार धाम चिकित्सालय आलेख

## श्री बद्रीनाथ धाम के मुख्य पुजारी श्री ईश्वर प्रसाद नंबूदरी द्वारा सराहना व आभार

**दिनांक 13 जुलाई** को श्री बद्रीनाथ धाम के मुख्य पुजारी श्री ईश्वर प्रसाद नंबूदरी जी ने श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय की टीम को अपने निवास पर बुलाया व चिकित्सालय द्वारा दी जा रही नि:शुल्क सेवाओं की भरपूर प्रशंसा करी और आभार प्रकट किया। उन्होंने अपने 15 वर्षीय कार्यकाल के अनुभवों को साझा करते हुए बताया की 2019 में चिकित्सालय की स्थापना से पहले किस तरह श्री बद्रीनाथ धाम में स्वास्थ्य सुविधाओं का बहुत ज्यादा अभाव था और आने वाले तीर्थयात्रियों को अनेक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझना पड़ता था और सुविधा न होने से कई तीर्थयात्री गंभीर रूप से रोगग्रस्त हो जाते थे और कुछ का दुर्भाग्यवश स्वर्गवास भी हो जाता था।



श्री बद्रीनाथ धाम के मुख्य पुजारी श्री ईश्वर प्रसाद नंबूदरी जी

## बस दुर्घटना में स्थल पर त्वरित प्राथमिक तत्पश्चात चिकित्सालय में उपचार

श्री बद्रीनाथ धाम से 4 किलो मीटर पहले रडांग बैंड पर एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। नगर पंचायत बद्रीनाथ के पास कोई भी एंबुलेंस उपलब्ध न होने के कारण उन्होंने स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय श्री बद्रीनाथ धाम को सूचित कर सहयोग मांगा, प्रतिकूल परिस्थिति होने के बावजूद चिकित्सालय की टीम एंबुलेंस के साथ तुरंत दुर्घटनास्थल पर पहुंची, प्राथमिक उपचार दिया और फिर चोटिल रोगियों को चिकित्सालय लेकर आई। गंभीर रूप से चोटिल 8 रोगियों सहित सभी रोगियों का आगे का उपचार किया गया व बहुमूल्य जीवनों को बचा लिया गया।



उपचाराधीन रोगी



दुर्घटनास्थल पर श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय की एम्बुलेंस

### आंकड़े

| चिकित्सालय | कुल पंजीकरण | कुल इमरजेंसी | कुल एक्स - रे | कुल लैब टेस्ट |
|---|---|---|---|---|
| श्री केदारनाथ धाम | 31721 | 5935 | 859 | 7408 |
| श्री बद्रीनाथ धाम | 20039 | 955 | 428 | 6409 |
| गंगोत्री धाम | 7853 | 604 | 129 | 508 |
| **कुल** | **59613** | **7494** | **1416** | **14325** |

# धामों के चिकित्सालयों में दी जाने वाली अन्य निःशुल्क सेवाएं

हमारे पूर्णत: निःशुल्क धाम चिकित्सालयों में स्वास्थ्य सेवाओं के अतिरिक्त कुछ अन्य निःशुल्क सेवाएं भी सम्मिलित हैं जिनमें है कंबलों का वितरण, हीटर, और अलाव की व्यवस्था, गर्म ट्रैक सूट, रेनकोट व चप्पलों का वितरण तथा गर्म चाय और बिस्कुट की व्यवस्था। इसी क्रम में

- 809 कंबल
- 567 गरम मोजे
- 509 मंकी कैप
- 378 गर्म ट्रैक सूट
- 295 जोड़ी चप्पलें
- 164 लोअर
- 132 रेनकोट
- 4000 से अधिक प्रोटीन एनर्जी बार
- 20000 से अधिक चाय एवं बिस्कुट का वितरण किया गया ।

इन तीर्थ धामों में कई बार ऋतु एवं वातावरण में अचानक परिवर्तन हो जाता है व परिस्तिथियाँ अनुकूल से प्रतिकूल हो जाती हैं। आने वाले तीर्थयात्री विशेषत: भारत के दक्षिण राज्यों से यहाँ के वातावरण से अनभिज्ञ होते हैं व बिना गर्म वस्त्रों के यात्रा पर आ जाते हैं जिसके कारण उन्हें अत्यंत कष्ट व परेशानी का सामना करना पड़ता है, ऐसे में हमारे चिकित्सालय उन सभी की स्वास्थ्य के अतिरिक्त उत्पन्न होने वाली इन समस्याओं के निवारण के लिए भी सदैव तत्पर रहते हैं व सभी अन्य सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराते हैं । कई बार यह श्रद्धालु पूरी तरह से भीगे हुए व शीत के कारण ठिठुरते हुए आते हैं, हमारे चिकित्सालय तुरंत उन्हें गर्म वस्त्र, गर्म वातावरण, गर्म चाय व बिस्कुट इत्यादि उपलब्ध कराकर सहज करते है।

इन सभी अन्य निःशुल्क सेवाओं के लिए SVHM सोसाइटी निम्मलिखित सहयोगियों व दान दाताओं का सहृदय आभार व्यक्त करती है ।

- गरम ट्रैक सूट : SEWA International UK व श्री पुनीत मित्तल, देहरादून
- ट्रैक पैन्ट, रेनकोट, मोजे व मंकी कैप: देशराज जिंदल चैरिटेबल ट्रस्ट
- कम्बल: दिनेश व्यास पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट व देशराज जिंदल चैरिटेबल ट्रस्ट
- चप्पल: बैग्रीज इंडिया लिमिटेड
- प्रोटीन एनर्जी बार: बैग्रीज इंडिया लिमिटेड
- चाय एवं बिस्कुट: बैग्रीज इंडिया लिमिटेड व देशराज जिंदल चैरिटेबल ट्रस्ट



तीर्थयात्री कंबल के साथ



तीर्थयात्री कंबल व रेनकोट के साथ



तीर्थयात्री गरम ट्रैक सूट के साथ



तीर्थयात्री गरम ट्रैक सूट पहने हुए

# उत्कृष्ट उदहारण: हमारे चिकित्सालयों के सेवा उदहारण सुनने के लिए दिए गए Link पर क्लिक करें

## स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय, पेटशाल, अल्मोड़ा



दिल्ली की 52 वर्षीय श्रीमती बबीता गुप्ता जागेश्वर धाम मंदिर में दर्शन करते समय फिसलकर गिर गयीं व बायीं कोहनी की चोट के साथ पेटशाल चिकित्सालय पहुंची। जाँच व एक्स–रे में बायीं कोहनी के जोड़ का dislocation पाया गया जिसका सफलतापूर्वक reduction करके splint लगा दिया गया। हमारे द्वारा किये गए उपचार से संतुष्ट व प्रसन्न हो समस्त परिवार ने आभार व्यक्त किया।

https://youtu.be/4vrYi_6dNK4?si=EEecilUf-2cxlLAH

## माधव चिकित्सालय, नारायणकोटी



श्री केदारनाथ धाम के दर्शन के लिए मलेशिया से आयीं बुजुर्ग महिला तीर्थयात्री को अचानक हृदय रोग की समस्या हो गयी, उनका परिवार उन्हें लेकर हमारे माधव चिकित्सालय, नारायणकोटी पहुंचा। जाँच पर तीर्थयात्री SVT (Supraventricular tachycardia) नामक हृदय रोग से पीड़ित मिली जिसका कुशलतापूर्वक उपचार कर दिया गया। स्वास्थ्य लाभ होने के बाद सभी के द्वारा चिकित्सालय का सविनय आभार व्यक्त किया गया। https://youtube.com/shorts/D1Mv58V5JCs?si=ANCZiYiL0GfUCmeR

## स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय, पीपलकोटी




श्री बद्रीनाथ धाम के दर्शन को जूनागढ़, गुजरात से आयीं एक तीर्थयात्री जो की डायबिटीज से पीड़ित थी, उनका स्वास्थ्य मार्ग में बिगड़ गया व अत्यधिक तकलीफ के साथ हमारे पीपलकोटी चिकित्सालय में पहुँचीं। जाँच में उनका ब्लड शुगर अत्यधिक बढ़ गया था, रोगी को भर्ती कर उचित उपचार देकर उनका स्वास्थ्य ठीक कर दिया। रोगी सहित सभी के द्वारा चिकित्सालय का सहृदय आभार प्रकट किया।

https://youtu.be/qSUvt6WLjUw?si=184_sq8i1O0OZBf0

## स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय, गंगोत्री धाम



नासिक निवासी 43 वर्षीय हरीश भाई गंगोत्री धाम में नदी में स्नान करते समय चोटिल हो गए व बाएँ कंधे में पीड़ा के साथ हमारे गंगोत्री धाम चिकित्सालय में आये। जाँच एवं एक्स–रे में Shoulder Dislocation पाया गया जिसे reduction करके बिठा दिया गया और crepe bandage लगा दिया गया। समस्त परिवार ने चिकित्सालय का सहृदय आभार प्रकट किया। https://youtu.be/Zn0-hDDZD_Y?si=Uhz1C7MwxcxWC15v

## स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय, श्री केदारनाथ धाम



श्री केदारनाथ धाम के दर्शन को जलगाँव, महाराष्ट्र से आये तीर्थयात्री मार्ग में बारिश होने की वजह से भीग गए व अत्यधिक ठण्ड से परेशान व मार्ग में कुछ नहीं मिलने के कारण फटे हुए बोरे में लिपटे हमारे श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय पहुँचे। हमारे चिकित्सालय पहुँचते ही उन्हें तुरंत गरम कंबल, टोपी, मोजे, चाय एवं बिस्कुट देकर सहज किया गया व उनकी पूरी सहायता की गयी। https://youtu.be/n9OFGWbmkaI?si=UFw6Sb-UXAa182oz

## स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय, श्री बद्रीनाथ धाम



बिहार से श्री बद्रीनाथ धाम की यात्रा पर आये ब्रिगेडियर डॉ एस सी कर्ण को सिरदर्द, घबराहट व बेचैनी की तकलीफ के साथ हमारे चिकित्सालय में लाया गया, जाँच पर उन्हें हाई अल्टीट्यूड सिकनेस से पीड़ित पाया गया और तत्पश्चात तुरंत उचित उपचार किया गया। स्वस्थ होने के उपरांत समस्त परिवार के द्वारा धन्यवाद दिया गया।

https://youtu.be/wRjUj9Ivl5Y?si=TzuzILG1B4wiuMg2

# चार धाम चिकित्सालय आलेख

## निर्माणाधीन नवीनतम चिकित्सालय श्री केदारनाथ धाम

चार धाम की यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य समस्याओं को ध्यान में रखते हुए स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी इन धामों पर पूर्णत: नि:शुल्क ICU सुविधा से सुसज्जित धर्मार्थ चिकित्सालय चला रही है और श्रद्धालुओं की चिकित्सीय आवश्यकताओं को पूर्ण करने में निरन्तर प्रयासरत है। सोसाइटी का श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय भी वर्ष 2019 से सतत तीर्थयात्रियों की सेवा में क्रियाशील है। समुद्र तल से 12,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित, आईसीयू से सुसज्जित 8 बेड वाले इस चिकित्सालय में 2019 में 10,000, 2021 में 11,000 से अधिक, 2022 में 1 लाख 13 हजार से अधिक, 2023 में 1 लाख 16 हजार से अधिक और इस वर्ष 30 सितम्बर तक लगभग 1 लाख तीर्थयात्रियों ने स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाया है।

वर्तमान चिकित्सालय सीमित स्थान व एक अस्थायी कैंप में कार्यरत है और इतनी बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों को चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने में कठिनाई का सामना कर रहा है। इसी को देखते हुए सोसाइटी आधुनिक सुविधाओं से युक्त 50 बेड्स के नवीन चिकित्सालय के निर्माण कर रही जो की वर्तमान चिकित्सालय के सामने ही स्थित है व श्री केदारनाथ धाम मंदिर से 650 मीटर पहले हैं। तीन तल का यह चिकित्सालय आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा व अधिक संख्या में तीर्थयात्रियों को चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करा पायेगा। इस लोकोपयोगी और आदर्श उद्देश्य के लिए सोसाइटी अपने समस्त दानदाताओं का सहृदय धन्यवाद करती है।

**कुल भूमि क्षेत्र: 1100 वर्ग मीटर** | **कुल निर्माण क्षेत्र: 32042.31 वर्ग फीट**



नवीन चिकित्सालय का प्रारूप



भूमि पूजन





निर्माणाधीन नवीन चिकित्सालय

# सोसाइटी के चिकित्सालयों द्वारा आयोजित सामुदायिक चिकित्सा शिविर

**कुल शिविर: 61** | **कुल लाभार्थी: 4986**



कुमारी सविता कंसवाल पीएम श्री राजकीय आदर्श इण्टर कॉलेज, मनेरी, उत्तरकाशी



चामी, पेटशाल



भैरव घाटी, गंगोत्री धाम



सरस्वती विद्या मंदिर बाबूगढ़, धर्मावाला



राजकीय प्राथमिक विद्यालय, विष्णु गार्डन, हरिद्वार



आंगनबाड़ी केंद्र 350 बस्ती, करोल बाग, दिल्ली



सेरशी, नारायणकोटी



ग्राम राजा का ताल, पूजा ग्लास प्राइवेट लिमिटेड, फिरोज़ाबाद

# सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

## एनीमिया की रोकथाम, नियंत्रण एवं उपचार कार्यक्रम





स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी, उत्तराखण्ड जलविद्युत निगम लिमिटेड के सौजन्य से "एनीमिया की रोकथाम, नियंत्रण एवं उपचार कार्यक्रम" देहरादून के जनजातीय बहुल 6 ग्राम पंचायतों के 14 ग्रामों में गत अक्टूबर माह से चला रही है। इस तिमाही में कार्यक्रम पूर्ण हो गया व उसका एक संक्षिप्त विवरण निम्नलिखित है।

| क्रम सं. | सूचकांक | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | कुल लक्षित लाभार्थी | 9289 | |
| 2. | कुल हिमोग्लोबिन की जाँच | 7528 | 81% |
| 3. | कुल पाए गये एनीमिक | 3763 | 50% |
| 4. | कुल उपचार लेने वाले लाभार्थी | 3152 | 84% |
| 5. | कुल स्वस्थ हुए लाभार्थी | 2327 | 78% |

## माई पैड (मासिक धर्म स्वच्छता) कार्यक्रम





माई पैड कार्यक्रम

| कुल | प्रारम्भ से | इस तिमाही में |
|---|---|---|
| लाभार्थी | 8,265 | 3376 |
| वितरित पैकेट ( एक पैकेट में 6 पैड ) | 63,831 (3,82,986) | 4827 |

# मल्टी डिसिप्लिनरी शिविर

## अपनी आहुति प्रदान करते हमारे चिकित्सक गण

### धर्मावाला

शिविर – 7, लाभार्थी– 4329
सर्जरी– 76

### हरिद्वार

शिविर– 11, लाभार्थी – 1503
सर्जरी – 8

**गठिया रोग विशेषज्ञ**
डॉ निखिल सी

**स्पाइन सर्जन**
डॉ शेखर वाई. भोजराज
डॉ रघुप्रसाद वर्मा
डॉ अभय नेने
डॉ प्रेमिक नागड़
डॉ शशिभूषण वरेकर
डॉ भाग्य शाह
डॉ नरेश चौधरी

**न्यूरोलॉजिस्ट**
डॉ मुकेश कुमार

**एनेस्थीसिया एंड क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट**
डॉ जयश्री कोरे
डॉ विनय कुमार

**यूरोलोजिस्ट**
डॉ विकास बंसल
डॉ प्रशांत जैन
डॉ प्रदीप देब
डॉ आशुतोष कुमार सिंह
डॉ विशाल कुंवर सिंह
डॉ देवप्रिय मित्रा
डॉ मधुकर
डॉ क्षितिज
डॉ अतुल खंडेलवाल

**न्यूरोसर्जन**
डॉ अरविन्द ममगाई
डॉ आदित्य वार्ष्णेय
डॉ मयंक अग्रवाल
डॉ तरुनेश

**सर्जिकल गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट**
डॉ विजय सैनी
डॉ चन्दन चटर्जी
डॉ सुप्रीत कुमार

**पेट एवं गुदा रोग विशेषज्ञ**
डॉ विनोद गुप्ता

**त्वचा रोग विशेषज्ञ**
डॉ आत्रेय चक्रवर्ती
डॉ पी के सिंह

**नाक कान गला रोग विशेषज्ञ**
डॉ योगेश सिंघल
डॉ एस पी सिंह

**फिजिशियन एम डी**
डॉ एस के बक्शी

**स्त्री रोग विशेषज्ञ**
डॉ पुनिता गुप्ता
डॉ शिवानी खंडेलवाल

**ऑर्थोपेडिक सर्जन**
डॉ ए. के. जैन
डॉ प्रियांक अग्रवाल

**मनोरोग विशेषज्ञ**
डॉ जितेंद्र कुमार

**जनरल फिजिशियन**
डॉ रत्नेश गुप्ता
डॉ अविनाश

**साइकोथैरेपिस्ट**
डॉ श्यामलता जुयाल





# मल्टी डिसिप्लिनरी शिविर

## दिल्ली

### शिविर – 21, लाभार्थी– 1656



**डॉ अभिजीत साहा**, बाल रोग विशेषज्ञ
कलावती सरन चिल्ड्रन हॉस्पिटल, दिल्ली



**डॉ अश्वनी राय,** एम.डी.मेडिसिन,
सफदरजंग, दिल्ली



**डॉ गुंजन मल्होत्रा,** स्त्री रोग विशेषज्ञ,
आर्मी हॉस्पिटल, दिल्ली



**डॉ निलेश आर जाधव,** न्यूरोलॉजिस्ट,
मैक्स साकेत, दिल्ली



**डॉ मानसी देशमुख,** त्वचा रोग विशेषज्ञ,
अपोलो, दिल्ली



**डॉ सतीश शर्मा,** त्वचा रोग विशेषज्ञ,
आर एम एल, दिल्ली



**डॉ सर्वेश पाण्डे,** ऑर्थोपेडिक सर्जन,
अपोलो, दिल्ली



**डॉ सुयश विवेक शेंडे,** मनोचिकित्सक,
आर एम एल, दिल्ली

# मल्टी डिसिप्लिनरी शिविर

## उत्तरकाशी

### शिविर – 01, लाभार्थी– 233



**वालंटियर डॉक्टर्स की टीम**



**डॉ अनिल भट्ट,**
गुर्दा रोग विशेषज्ञ



**डॉ आदित्य कोठा,**
गुर्दा रोग विशेषज्ञ



**डॉ ताराश्री सिंघल,**
सोनोलॉजिस्ट



**डॉ निखिल मेहता,**
त्वचा रोग विशेषज्ञ



**डॉ विनय कुमार,**
Pain फिजिशियन

# मल्टी डिसिप्लिनरी शिविर

## पेटशॉल

### शिविर – 4, लाभार्थी– 273



**डॉ अनिल पांडे,** दंत रोग विशेषज्ञ,
शोभन सिंह जीना मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा



**डॉ उषा उप्रेती,** स्त्री रोग विशेषज्ञ,
अल्मोड़ा



**डॉ गौरव पुरोहित,** न्यूरोसर्जन ,
बृजलाल अस्पताल, हल्द्वानी



**डॉ ज्योति,** नेत्र रोग विशेषज्ञ,
गोवर्धन तिवारी बेस अस्पताल, अल्मोड़ा



**डॉ डी सी पुनेरा,** चेस्ट रोग विशेषज्ञ,
शोभन सिंह जीना मेडिकल कॉलेज, अल्मोड़ा



**डॉ नीलाम्बर भट्ट,** डायबेटोलॉजिस्ट,
हल्द्वानी

# समारोहों की झलकियाँ

## गुरु पूर्णिमा और गुरु दक्षिणा


धर्मावाला


उत्तरकाशी


नारायणकोटी


पेटशाल


पीपलकोटी


हरिद्वार

## रक्षाबन्धन


धर्मावाला


उत्तरकाशी


हरिद्वार

# समारोहों की झलकियाँ

## रक्षाबन्धन


श्री बद्रीनाथ धाम


पेटशाल


पीपलकोटी

## स्वतंत्रता दिवस


धर्मावाला


गंगोत्री धाम


उत्तरकाशी


श्री बद्रीनाथ धाम


बड़कोट


पेटशाल

## हरेला पर्व


नारायणकोटी


धर्मावाला



पीपलकोटी

# आंकड़े


## कुल पंजीकरण




## अन्य सेवाएं




## अल्ट्रासाउंड




| चिकित्सालय | सर्जरी (464) | |
|---|---|---|
| | मेजर | माइनर |
| धर्मावाला | 313 | 124 |
| हरिद्वार | 3 | 5 |
| नारायणकोटी | 10 | 0 |
| उत्तरकाशी | 0 | 1 |
| पीपलकोटी | 7 | 1 |
| कुल | 333 | 131 |

सर्जरी में शामिल हैं सामान्य, स्त्री रोग, यूरो, स्पाइन, ई.एन.टी., ऑर्थो, मैक्सिलो-फेशियल और नेत्र सर्जरी।

| सुविधाएं | धर्मावाला | हरिद्वार | कुल |
|---|---|---|---|
| सी टी स्कैन | 1280 | NA | 1280 |
| यूरोफ्लोमेट्री | 113 | 32 | 145 |
| एंडोस्कोपी | 163 | NA | 163 |
| ऑडियोमेट्री | 32 | NA | 32 |
| स्पाईरोमेट्री | 64 | 28 | 92 |
| ईको (ECHO) | 119 | NA | 119 |

उपरोक्त सुविधाएं केवल धर्मावाला एवं हरिद्वार चिकित्सालयों में उपलब्ध हैं।

| चिकित्सालय | लैब टेस्ट | इमरजेंसी | एक्स-रे | ई.सी.जी. | डेंटल |
|---|---|---|---|---|---|
| धर्मावाला | 57692 | 1140 | 4847 | 1697 | 1471 |
| उत्तरकाशी | 2538 | 57 | 469 | 31 | 129 |
| नारायणकोटी | 2740 | 735 | 588 | 123 | 96 |
| बड़कोट | 1797 | 59 | 688 | 66 | 345 |
| पीपलकोटी | 4084 | 162 | 504 | 152 | 193 |
| श्री बद्रीनाथ | 6409 | 955 | 428 | 292 | NA |
| पेटशाल | 3463 | 94 | 335 | 63 | 276 |
| श्री केदारनाथ | 7408 | 5935 | 859 | 529 | NA |
| हरिद्वार | 11398 | 358 | 1269 | 658 | 2072 |
| गंगोत्री | 508 | 604 | 129 | 30 | NA |
| दिल्ली | 2723 | 574 | 310 | 19 | 433 |
| डुमेट | 109 | NA | NA | NA | 1009 |
| वृन्दावन | 624 | NA | 238 | NA | NA |
| कुल | 101493 | 10673 | 10664 | 3660 | 6024 |

| 1,49,935 | 464 | 10,673 | 10,664 | 4,258 | 1,01,493 |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजीकरण | सर्जरी | इमरजेंसी | एक्स–रे | अल्ट्रासाउंड | लैब टेस्ट |

# हमारे चिकित्सालयों की श्रृंखला




## सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः

**चार धाम साथी ऐप**
**डाउनलोड करने हेतु स्कैन करें**

**FOR DOMESTIC DONATIONS:**
State Bank of India
Swami Vivekanand Health Mission Society
A/C No: 32584491256IFSC
Code: SBIN0010626

**FOR INTERNATIONAL DONATIONS:**
State Bank of India
Swami Vivekanand Health Mission Society
A/c No. - 00000040181017724
IFSC Code- SBIN0000691
MICR - 110002087
Swift Code- SBININBB104

**दान देने के लिए**
**स्कैन करें**

**सभी दान 80G के तहत कर-मुक्त हैं।**

svhmuk@gmail.com
https://svhmuk.in
https://twitter.com/svhmuk/
https://www.facebook.com/svhmu/
https://www-instagram.com/svhmuk/
youtube.com/@swamivivekanandhealthmissi7701

Published by: डॉ अनुज सिंघल (सचिव) 9410924299, On behalf of: स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी Published at: B-207 पैसिफिक एस्टेट, अनुराग नर्सरी, कांवली रोड, देहरादून, उत्तराखण्ड-248001, Printed at: सरस्वती प्रेस, 2, ग्रीन पार्क, निरंजनपुर, देहरादून, उत्तराखंड - 248001